* श्रीः *

कल्याणसौगन्धिकम्

कविनीलकण्ठविरचितम्



प्राप्तिस्थान—

मेहरचन्द्र लक्ष्मणदास

संस्कृत पुस्तकालय सैदमिट्ठा बाजार

लाहौर ।

मूल्य छः आना ।

5

कल्याणसौगन्धिकं नाम व्यायोगः

श्रीकविनीलकण्ठविरचितः

'गढ़वाल' प्रान्तान्तर्गत 'रेवड़ी" ग्रामवास्तव्येन पं० रुद्रदत्तात्मसम्भवेन उर्वीदत्त शास्त्रिणा विरचितया हिन्दीटीकया समलङ्कृतः ।

व्याकरणाचार्य श्रीधरशास्त्रिणा हिन्दी-प्रभाकरेण संशोधितश्च ।

——

सचार्यं

लवपुरे

मेहरचन्द्र-लक्ष्मणदास

इत्येतैः स्वीये श्री मनोहरइलैक्ट्रिकाख्ये मुद्रणयन्त्रालये मुद्रयित्वा प्रकाशितः ।

सं० १९८८

पात्रों के नाम।

भीम—कथा का नायक।

तापस—जो गन्धमादन के ऊपर जाते हुए भीम को रोकने के लिए स्त्री-सहित आया था।

ब्राह्मणी- -तापस की स्त्री।

राक्षस—क्रोधवश नामक कुबेर के सरोवर का रक्षक।

हनुमान् -भीमसेन का ज्येष्ठभ्राता।

विद्याधर- कल्याणक नामवाला हनुमान् तथा भीमसेन का परस्पर भ्रातृत्व बोध कराने के लिए इन्द्र की आज्ञा से भूमण्डल पर आया हुआ इन्द्रदेव का सेवक।

गुणमञ्जरी--विद्याधर की सहधर्मधारिणी।



कथा का संक्षेप

इस नाटक में यह दिखाया है-कि-पाण्डु के पांच पुत्रों में से एक भीम भी है जो युधिष्ठिर से छोटा और अन्य तीन भाइयों से बड़ा है। एक दिन अचानक एक अति सुन्दर सुगन्धिमय कमल फूल गन्धमादन पर्वत से हवा में उड़कर द्रौपदी के सामने आगिरता है। उसको देख द्रौपदी मुग्ध होकर उसी तरह के अधिक फूल लाने के लिये उसे मजबूर करती है, यह देख भीम उसकी इच्छा पूरी करने के लिए रवाना होता है। यद्यपि उसे रोकने के लिए स्त्री-सहित एक मुनिराज भी जाते हैं, परन्तु जब भीम बड़ा तेजी से भागता रहता है तो वे हताश होकर अपने घर लौट आते हैं। आखिर भीम दौड़ता भागता गन्धमादन के ऊपर जाचढ़ता है। वहां पहुंच कर फूलों की तलाश करता, थोड़ी दूर जाकर क्या देखता है कि-वन की मनोहरता मन हर रही है, समीप ही एक सुन्दर सरोवर शोभा दे रहा है, उसके चारों ओर रखवारे फिर रहे हैं। वे उसे आते देख यमराजकी शङ्का से भागरहे हैं, इतने में एक प्रधान रक्षक राक्षस वहां आपहुंचता है, उसके साथ भीम की खूब बुरी भली होती है। आखिर गदा की चोट खाकर राक्षस भी कहीं चंपत हो जाता है, और ओट से आवाज़ आती है, कि-यह भीम फूल चुन सकता है। यह भीम कृतज्ञता प्रकट कर फूल ले लौट आता है, लौटते समय वह हनुमान के कदली वन में प्रवेश करता है, यह देख हनुमान मार्ग में लोटजाता है। उसे लोटा देख भीम बड़ २ बातें बना उसका पूंछ उठाना चाहता है, परन्तु उठा न सकने के कारण मन मारकर रह जाता है. तब एक दूसरे से कुछ २ जानकार होने पर भी भीम का अभिमान मिटाने के लिए हनुमान भीम से आभिड़ता है। इतने

में विद्याधर बीच आजाता है, और इन्द्रका उन दोनों का भ्रातृ-भाव बोधन-करण रूप संदेश कहने के बाद शान्त कर दोनों के साथ बैठ जाता है। फिर हनुमान विद्याधर का परिचय पूछता है। तब विद्याधर चला आता है, इसके अनन्तर भीम और हनुमान् की स्नेहमयी वातें होती हैं। आखिर भीम द्रौपदी के पास लौट आता है।

इत्यलम्।

पाठक वृन्द !

यद्यपि इस नाटक की अन्य भी टीकायें वर्तमान होयेंगी, तथापि यह टीका भी अपनी उपयोगितासे कहां तक आप लोगों का आश्रय अधिगत कर सकती है, यह बाद को ही ज्ञात होगा। मैं व्यर्थ बकवास करने से कुछ लाभ नहीं समझता।

निवेदक—
उर्वीदत्त शास्त्री

श्रीगणेशाय नमः । अविघ्नमस्तु ॥

कल्याणसौगन्धिकम् ।

भाषाटीकोपेतम्

(नान्द्यन्ते ततः प्रविशति सूत्रधारः)

आसीद्यः स्वनिवासशैलतुलनात् प्रीतः प्रसादोन्मुखो
लङ्केशस्य ससम्भ्रमाचलसुतासंश्लेषसौख्यप्रदात् ।
हव्यं यस्य शरोद्भवे हुतवहे जातं पुराणां त्रयं
सोयं मुग्धशशाङ्कमण्डितजटाभारो हरः पातु वः ॥

(नान्दी के बाद सूत्रधार आता है)

अन्वयः-आसीदिति ।—यः लङ्केश्वरस्य स्वनिवासशैलतुलनात् ससम्भ्रमाचलसुतासंश्लेषसौख्यप्रदात् प्रसादोन्मुखः आसीत् ; यस्य शरोद्भवे हुतवहे पुराणां त्रयं हव्यं जातम्; स मुग्धशशाङ्कमण्डितजटाभारः अयं हरः वः पातु ।

भाषा टीका—जो हिमालय की पुत्री (पार्वती) के आलिङ्गन के सुख को देने वाले रावण के अपने रहने के पर्वत (कैलास) के उठाने से सन्तुष्ट हो प्रसन्न होगये थे, (अर्थात्-रावण ने जब कैलास पर्वत उठाया तो पार्वती उसके हिलने से डर कर महादेव जी से जा लिपटी जिससे उनको अति आनन्द हुआ) और जिन की बाण की अग्नि में तीनों लोक आहुति बन गये थे (अर्थात्-जल गये थे) वे ये प्रसिद्ध बाल चन्द्रमा से शोभायमान जटाजूट वाले महादेव जी तुम्हारी रक्षा करें ॥

(नेपथ्याभिमुखमवलोक्य)

आर्ये! इतस्तावत्।

(प्रविश्य)

नटी—अंअ इंआह्मि।

सूत्र—अहं खल्वार्यमिश्रैरादिष्टः।

नटी—कहं विअ आदेसाणुग्गहो अंअमिस्साणम्।

[कथमिवादेशानुग्रह आर्यमिश्राणाम्।]

सूत्र—

आज्ञागुणेन गुणवद्भिरभिष्टुतानां
कात्यायनीचरणपङ्कजभक्तिभाजाम्।
षट्कर्म्मिणां निवसतौ परमाग्रहारे
प्राप्तप्रसूतिरुपसेवितवान् गुरुर्नः॥

(नेपथ्य की ओर देख कर)

सूत्रधार ऐ! प्यारी! इधर तो आओ।

(प्रवेश कर)

नटी -स्वामिन्! यह मैं (आपकी सेवा में) उपस्थित होगई।

सूत्रधार--प्रिये! माननीय दर्शक लोगों ने मुझे आज्ञा दी है।

नटी--माननीय दर्शक लोगों ने क्या आज्ञा करने की कृपा की, (अर्थात्-उनकी क्या आज्ञा है ?)

सूत्रधार–

आज्ञागुणेनेति–गुणवद्भिः आज्ञागुणेन अभिष्टुतानां कात्यायनीचरणपङ्कजभक्तिभाजां षट्कार्मिणां निवसतौ परमाग्रहारे प्राप्तप्रसूतिः नः गुरुः उपसेवितवान्।

भा०टी०--गुणवानों के आज्ञा रूपी गुण के कारण (अर्थात्-उन में यह गुण था कि वे हरेक की आज्ञा शिरोधार्य समझते थे, जिससे सभी उन पर प्रसन्न रहते थे और उनका कहा वे भी कर डालते थे) पूजे हुए और पार्वती के चरण कमलों की सेवा करने वाले ब्राह्मणों के

तदस्य नीलकण्ठनाम्नः कल्याणसौगन्धिकं नाम निवन्धनशरीरमिदमभिनयालङ्कारालङ्कृतमनुसन्दर्शयेति ।

नटी—अंअ सुद्दअप्पहुदीणं महाकवीणं णिवन्धणाणि मोत्तूण कहं एदस्स पओअदस्सणे अंअमिस्साणं पवेसो ।

[आर्य शूद्रकप्रभृतीनां महाकवीनां निवन्धनानि मुक्त्वा कथमेतस्य प्रयोगदर्शने आर्यमिश्राणां प्रवेशः]

सूत्र—आर्ये आश्रितवात्सल्यव्यसनी ननु सज्जनसमूहः । अपि च,

विद्यानामतिचिरसंस्तवैकदोषाद्
भुक्तानां बहुगुणतामचिन्तयित्वा ।
भोग्यानां समुपनतौ नवोदयानां
सर्वोऽपि प्रमुदमुपैति जीवलोकः ॥

परमाग्रहार नामक गांव में जन्म ले हमारे गुरु ने नाना शास्त्रों का अभ्यास किया है ।

सो इस नीलकण्ठ कवि के रचे हुए कल्याण सौगन्धिक व्यायोग को-जिस में अभिनय के योग्य (क़ाविल) अलंकारों की भरमार है--दिखाओ ।

नटी--स्वामिन् ! शूद्रक आदि बड़े २ (धुरन्धर) कवियों की रचनाओं को छोड़कर दर्शकों की इस नाटक के प्रयोग (अभिनय) दिखाने में कैसे प्रवृत्ति हुई ?

सूत्रधार--प्रिये ! सज्जन लोग (सर्वदा) मातहतों के ऊपर दयाभाव रखने वाले (या वात्सल्य रसपरिपूर्ण नाटक के प्रेमी) होते हैं । दूसरी यह भी बात है कि--

विद्यानामिति--विद्यानाम् अति चिरसंस्तवैकदोषात् भुक्तानां बहुगुणताम् अचिन्तयित्वा नवोदयानां भोग्यानां समुपनतौ सर्वो हि जीवलोकः प्रमुदम् उपैति ।

चिरकाल तक विद्या(काव्य नाटक)का अभ्यास करते रहने से भोगे हुए (इस्तेमाल में लाये) पदार्थों को अधिक लाभदायक या रुचिकर न गिन कर

नटी— जुज्जइ । (युज्यते)

सूत्र—तदिह सज्जीभव । अहमपि नेपथ्यविधानमनुतिष्ठामि । (परिक्रम्य कर्णं दत्वा) अये किन्नु खलु मयि सज्जननियोगानुष्ठानव्यग्रे शब्द इव श्रूयते । अङ्ग ? पश्यामि ।

(नेपथ्ये)

भीम न खलु न खलु गन्तव्यम् । ब्राह्मणि एह्येहि ।

सूत्र—भवतु विज्ञातम् ।

अगाग्रादप्राप्यं मरुदुपहृतं दिव्यकुसुमं
गुणाढ्यं पश्यन्त्या द्विगुणितमुदा नूतनतया ।
वहूनीच्छामीति द्रुपदसुतया भीममुदितं
प्रयान्तं संरोद्धुं व्रजति सकलत्रो मुनिवरः ॥

(अर्थात् जब चिर काल तक विद्या का अध्ययन अध्यापन होता रहता है तो बहुत सारे नाटक पढ़ने पढ़ाने में आते रहते हैं, जिस से उन में रुचि कम हो जाती है) नये२ पदार्थों के सामने आने से सारा ही संसार अति हर्ष मनाता है ।

नटी--आपका कहा सही है ।

सूत्रधार--(अच्छा ! तो अब) इस के लिए तय्यार होजाओ । मैं भी पर्दा और रङ्गभूमि (-स्टेज) आदि का बन्दोवस्त करता हूं ।

(घूमकर कान लगाता है)

अहो ! इधर तो मैं सज्जन लोगों की आज्ञा करने में लगा हूं,उधर यह शब्दसा क्या सुनाई देता है ? अच्छा ! देखता हूं ।

(नेपथ्य में)

भीम ! मत जाओ, मत जाओ । ब्राह्मणि ! इधर आओ, इधर आओ ।

सूत्रधार--ठीक ! (अब) जानलिया ।

अग्रेति—अगाग्रात् मरुदुपहृतम् अप्राप्यं गुणाढ्यं दिव्यकुसुमं पश्यन्त्या, नूतनतया द्विगुणितमुदा द्रुपदसुतया 'बहूनि इच्छामि' इति उदितं

(निष्क्रान्तौ)

स्थापना । (ततः प्रविशति सकलत्रस्तापसः)

तापसः—भीम न खलु न खलु गन्तव्यम् । ब्राह्मणि एह्येहि ।

पादौ मे नयने च निर्झरजलैरभ्युक्ष्य वक्षः शनैः
स्पृष्ट्वा कम्पितदुर्बलं भुजयुगं संवाहयामूलतः ।
पार्श्वे श्वासविकम्पिते धमनिभिः स्पष्टास्थिसंवेष्टिते
मुग्धे पीडय मन्दमन्दमसकृद् द्वाभ्यां कराभ्यामिमे ॥

ब्राह्मणी–एत्तिअम्मत्तो मग्गो; कणाम वेदणा ।

(एतावन्मात्रो मार्गः, का नाम वेदना ।)

प्रयान्तं भीमं संरोद्धुं सकलत्रः मुनिवरः व्रजति ।

पर्वत की चोटी से वायु के उड़ालाये, दुर्लभ और गुणों से भरे अति सुन्दर फूल को नवीनता के कारण दूने हर्ष के साथ देखती हुई द्रौपदी के 'बहुत चाहती हूं' इस प्रकार कहने पर (फूलों के लिए) जाते हुए भीम को रोकने के लिए स्त्री सहित मुनिराज जारहे हैं ।

दोनों (नटी सूत्रधार) चले जाते हैं)

प्रारम्भ । (तब स्त्री-सहित तपस्वी आता है)

तपस्वी--भीम ! मत जाओ मत जाओ । ब्राह्मणि ! इधर आओ इधर आओ ।

पादाविति—मुग्धे, मे पादौ, नयने, वक्षश्च निर्झरजलैः शनैः अभ्युक्ष्य, कम्पितदुर्बलं भुजयुगं स्पृष्ट्वा आमूलतः संवाहय, श्वासविकम्पिते धमनिभिः स्पष्टास्थिसंवेष्ठिते इमे पार्श्वे द्वाभ्यां कराभ्यां असकृत् मन्दं मन्दं पीडय ।

प्रिये ! मेरे पैर, नेत्र और छाती को झरने के पानी से सींच कर डगमगाती कमजोर दोनों बाँहें मूल से लेकर दबा तथा श्वास के कारण काँपते हुए और नाड़ियों सहित नजर आती हुई हड्डियों से घिरे हुए इन दोनों बगलों को धीरे २ बार २ दोनों हाथों से दबा ।

ब्राह्मणी--इतना ही तो मार्ग है, फिर (अंग २ पर) पीड़ा कैसे

तापसः–मुग्धे जराभिभूतानां प्राणिनां प्राणधारणमपि महाप्रयासः। किं पुनरपरचेष्टितानि।

ब्राह्मणी–जइ एव्वं सत्थे रि अक्खमो परत्थे केण आआसिदोसि (यद्येवं, स्वार्थेऽप्यक्षमः परार्थे केनायासितोसि।)

तापसः–आः अधर्म्मज्ञे, किं न पराश्रयिणः स्वार्थादपि परार्थो गरीयान्। पश्य,

पुत्राः पाण्डोर्भुवनजयिनः पूरुवंशप्रदीपाः
वृत्तैः सद्भिर्विजितमनवः पञ्च पञ्चेन्द्रकल्पाः।
शत्रुच्छद्मक्षपितविमलश्रीयशोमानभोगाः
भोगावासे वयसि मुनयः किं न कारुण्यदृश्याः॥

होगई ?

तपस्वी--प्रिये! बूढें आदमियों के लिए तो प्राण धारण करना भी अति दुस्वार है, फिर दूसरा कार्य तो दूर रहा।

ब्राह्मणी--मुनिवर! यदि ऐसा ही है कि आप अपने कार्य को भी सिद्ध नहीं कर सकते तो क्यों दूसरों के लिये (खां मुखां) तक़लीफ उठाते हो ?

तापस--ऐ! धर्म से अनबूझ! क्या ? परोपकारी के लिए परार्थ (दूसरे की भलाई) स्वार्थ से बढ़कर नहीं ? (अर्थात्-वह तो उस से उसी को उत्तम मानता है)

पुत्रा इति—भुवनजयिनः पूरुवंशप्रदीपाः सद्भिः वृत्तैः विजितमनवः पञ्चेन्द्रकल्पाः पाण्डोः पञ्च पुत्राः शत्रुच्छद्मक्षपितविमलश्रीशोमानभोगाः मुनयः भोगावासे वयसि कारुण्यदृश्याः, किं न (आसन्)?

देख, त्रिलोक विजयी, पुरुकुल-दीपक, सदाचरण में मनुओं से भी बढ़कर, पांच इन्द्रों के समान (अति शक्ति सम्पन्न) पाण्डु के पांच पुत्र--जो दुर्योधन के जाल में फंसकर अपनी पवित्र शोभा, कीर्ति, मान और ऐश से हाथ धो बैठे तथा इस ऐश लेने की अवस्था में मुनिवेश बनाये हुए हैं-क्या दया के योग्य (क़ाबिल) नहीं ? (अर्थात्-अवश्य हैं)

ब्राह्मणी–कहं पुण एसा जण्णसेणी एव्वं अणुकम्पणीयं भत्तारं अदिसाहसे णिओएदि।
(कथं पुनरेषा याज्ञसेनी एवमनुकम्पनीयं भर्तारं अतिसाहसे नियोजयति।)

तापसः–ननु तदेतद्वर्तते। हृदयं हि नाम कठिनवस्तुसमुच्चयः स्त्रीणाम्। तथाहि.

वनं प्रस्थापितः पुत्रो रामः सद्गुणभूषणः।
प्रापितो निधनं भर्ता केकयेन्द्रतनूजया॥

एहि तावत् सर्वथैनमतिसाहसान्निवर्तयिष्यावः।
(परिक्रम्यावलोक्य) हन्त व्यर्थो नः परिश्रमः।
य एषः,

बधिरयति जगन्ति शंखनादैः किरति महीमगमैर्गदावरुग्णैः।
अनुचरमपगर्वमेव कुर्वन् पितरमिवापहसन् जवेन याति॥

ब्राह्म०-तो फिर क्यों यह द्रौपदी इस प्रकार दया-योग्य स्वामी को ऐसे विकट कार्य में लगाती है?

तपस्वी--यह बात बिलकुल ठीक है कि-स्त्रियों का हृदय कठोर से कठोर वस्तुओं का ढेर है (अर्थात्-ये दुनियां की कठोर हैं) जैसे -

वनमिति—केकेयेन्द्रतनूजया सद्गुणभूषणः रामः वनं प्रस्थापितः (तथा) भर्त्ता निधनं प्रापितः।

केकेय नरेश की पुत्री (कैकेयी) ने उत्तम गुणों से शोभायमान प्यारा पुत्र राम (उस भयानक) वन में भेज दिया और अपने हृदयेश्वर (दशरथ) को मृत्यु के घर पहुंचा दिया (परन्तु जरा भी तरस न किया)।

चलो तो इसे जिस तरह हो सके इस कठिन कार्य से हटावें। (घूमकर देखता है) हा! शोक है, हमारा परिश्रम व्यर्थ हुआ। यह भीम तो—

बधिरयतीति—शङ्खनादैः जगन्ति बधिरयति, गदावरुग्णैः अगमैः

तदागच्छ। अग्निशरणं गत्वा व्यतीतकालं सप्रायश्चित्तं कर्म्म समापयावः।

(निष्क्रान्तौ)

(ततः प्रविशति गदया तरुभङ्गं नाटयन् आध्मायमान-शंखो भीमसेनः)

भीमः-एष भोः;

व्यायच्छन् गदया वने मृगकुलं शंखस्वनैस्त्रासय-
न्नुद्वेलीकृतसिन्धुरम्बुभिरुरःक्षिप्ताम्बुवाहस्रुतैः।
पाञ्चाल्या मनसः प्रियाणि कुसुमान्याहर्तुमिच्छन् गुरोः
संघर्षादिव गन्धमादनमहं शैलेन्द्रमारूढवान्॥

मह्रीं किरति, जवेन अनुचरं पितरं अपगर्वं एव कुर्वन् अपहसन् इव याति।

शंख की गर्जना से तीनों लोकों को बहरा बना रहा है, गदा की चोटों से वृक्षों को (उखाड़कर) जमीन पर फेंक रहा है, वेग में अपने पिता पवन को भी पिछाकर उसका अभिमान मिट्टी में मिला मानो उसकी हंसी उड़ाता हुआ बड़ी तेजी से भाग रहा है।

सो आओ अग्निशाला में जाकर व्यर्थ बिताये समय का प्रायश्चित्त (पापनाशन कर्म) समाप्त करें।

(दोनों चले जाते हैं)

(तब गदासे वृक्षों को तोड़ता हुआ और शंख बजाता २ भीम आता है)

भीम—अरे ! यह मैं—

व्यायच्छन्निति—गदया व्यायच्छन् वने मृगकुलं शङ्खस्वनैः त्रासय-न्, उरःक्षिप्ताम्बुवाहस्रुतैः अम्बुभिः उद्वेलीकृतसिन्धुः पाञ्चाल्या मनस प्रियाणि कुसुमानि आहर्तुम् इच्छन् अहं गुरोः संघर्षादिव गन्धमादनं शैलेन्द्रं आरूढवान् (अस्मीति शेषः)।

गदा से कसरत करता हुआ, वन में शंख की आवाज़ से मृगों के झुण्ड को डराता हुआ, छाती से टकराये बादलों से बरसे हुए पानी से समुद्र को बेहद उमड़ा कर द्रौपदी के मन भावने फूलों को लाने के लिये मानो

तदहमेषां प्रभवमन्विच्छामि । (परिक्रम्यावलोक्य) अहो भीरुजनदुरासदोयमचलोद्देशः। अत्रहि,

अन्तर्गुहोद्गतमहाजगरास्यदंष्ट्रा-
व्याकृष्टपादमुरुगर्जितमेष सिंहः।
दंष्ट्राग्रकृष्टपृथुकुम्भतटास्थिवल्गद्-
ग्रीवानिखातनखमाक्षिपति द्विपेन्द्रम्॥

यावदन्विच्छामि । अहो महानयं नयनोत्सवः। अत्रहि,

नृत्यन्ति क्वचिदत्र किन्नरवधूगीतस्वनानन्दितै-
र्वीणावेणुमृदङ्गनादमुदितैर्दैव्यो वृताः खेचरैः।
सस्त्रीकैः करबद्धरत्नचषकैरन्यत्र गोष्ठीगतैः
र्माद्यद्भिर्मधुरोपदंशमधुरैर्मैरेयमापीयते॥

पिता के साथ होड से (अर्थात्-वायु गन्धमादन पर पहुंचा हुआ था, उसकी स्पर्द्धा से भीम ने विचारा कि-मैं उसका पुत्र होकर उस के ऊपर न पहुंचा तो व्यर्थ है, क्योंकि—उत्तम पुरुष वही शास्त्रों में कहा है जो पिता के गुणों से बढ़ कर हो) पर्वतराज गन्धमादन के ऊपर चढ़गया।

सो मैं इन फूलों का उद्गमस्थान (उपज की जगह) तो तलाश करूं (घूमकर और देखकर) अहो! डरपोकों की इस पर्वत तक पहुंच नहीं। यहां तो—

अन्तर्गुहोद्गतेति—एष सिंहः अन्तर्गुहोद्गतमहाजगरास्यदंष्ट्रा-व्याकृष्टपादम् उरुगर्जितं दंष्ट्राग्रकृष्टपृथुकुम्भतटास्थिवल्गद्ग्रीवानिखातनखम् द्विपेन्द्रम् आक्षिपति।

यह शेर गुहा के अन्दर से निकले बड़े (भयङ्कर) अजगर की दाढ़ से पैर के खिंच जाने से चिंघाड़ते हुए, दाढ़ की नोकों से ज़ख्मी हुई मोटी २ गण्डस्थलों की हड्डियों से हिलती हुई गर्दन में चुभाये नाखूनों वाले हाथी को (बहुत बुरी तरह) खींच रहा है।

ज़रा! ढूंढ तो लूँ। अहा! कैसा बढ़िया नज़ारा है। यहां—

नृत्यन्तीति— अत्र क्वचित् किन्नरवधूगीतस्वनानन्दितैः वीणावेणु-

(परिक्रम्य क्वचिदानन्दाहृतदृष्टिरवलोक्य)

अहो तु खलु रमणीयवस्तुविषयाणामनन्तता रसान्तराणाम्। इहहि,

मणिफलकमनोज्ञस्वर्णडोलाधिरूढा
त्रिपुरजयिनिवद्धं गेयमावर्तयन्ती।
श्रवणयुगललोलत्कुण्डलामृष्टगण्डा
निगलयति गतिं मे मुग्धसिद्धांगनैषा ॥

किमेभिरधीरजनविस्मयनीयैः पदार्थैः। यावत् प्रियानियोगमनुतिष्ठामि। (स्पर्शसुखं रूपयन्) इह सन्निहितेन जलाशयेन भवितव्यम्। तथाहि,

---

मृदङ्गनादमुदितैः खेचरैः वृताः देव्यः नृत्यन्ति अन्यत्र गोष्ठीगतैः करबद्धरत्नचषकैः सस्त्रीकैः मधुरोपदंशमधुरैः मैरेयम् आपीयते।

एक तरफ किन्नरों (देवयोनिविशेष) की स्त्रियों के गान से हर्षाये, बीन, बन्सी मृदङ्गों की ध्वनि से प्रसन्न हुए, देवों से घिरीं अप्सराएं नाच रहीं हैं। दूसरी ओर स्त्रियों समेत रत्न-जटित शराब के प्याले हाथ में लिये मण्डली बनाकर मस्त हो गन्धर्व शराब पीरहे हैं।

(घूमकर और आनन्द से दृष्टि के खींच जाने पर दूसरी तरफ देखता है)

अहो। यहां सुन्दर वस्तु सम्बन्धी तरह २ के रसों का क्या अन्त है ? यहां भी—

मणिफलकेति—मणिफलकमनोज्ञस्वर्णडोलाधिरूढा श्रवणयुगललोलित्कुण्डलामृष्टगण्डा त्रिपुरजयिनिबद्धं गेयम् आवर्तयन्ती एषा मुग्धसिद्धाङ्गना मे गतिं निगलयति।

यह सिद्धों की स्त्री मणि के फलक (तख्ते) से सुहावने सोने के हिन्डोले में बैठी, शिवजी का गाना गाती हुई, मुझे आगे नहीं बढ़ने देती क्योंकि—इसके कानों में कुण्डल लटक रहे हैं जो इसके कपोलों को स्पर्श कर रहे हैं, (जिस से मेरा चित्त नहीं चाहता मैं आगे बढ़ूं)

अरे! इन चञ्चल पुरुषों को विस्मित करने वाले पदार्थों से हम

अयं हि सौगन्धिकगन्धमावहन्
शनैः शनैः सान्द्रतुषारशीतलः।
परिष्वजन्मे जनको यथा सुखं
करोति रोमाञ्चसमाचितां तनुम्॥

इदं हि तद्दिव्यसरः। यावदुपसर्पामि। अये मां दृष्ट्वा दण्डपाणिरयमन्तकः प्राप्त इति वदन्तः सरोरक्षिणो यक्षराक्षसगणा भीता पलायन्ते।

(पुनर्निरूप्य) अहो रामणीयकमस्य जलाशयस्य। इहाह,

हैमाः स्वच्छे पयसि निकराः पद्मसौगन्धिकानां
नालैः शुभ्रैर्मरकतमयैर्वैद्रुमैश्चाभिरामाः।

सरीखे शूरों का क्या मतलब? प्यारी द्रौपदी की आज्ञा तो पूरी करूं (स्पर्श के सुख का अभिनय करता हुआ) यहां कहीं नज़दीक अवश्य तालाब है। क्योंकि–

अयं हीति—हि अयं सौगन्धिकगन्धम् आवहन् सान्द्रतुषारशीतलः मे जनकः शनैः शनैः यथा सुखं परिष्वजन् तनुं रोमाञ्चसमाचितां करोति।

यह बर्फ की नाईं अति शीतल, सुगन्धिमय कमल की गन्ध को धारण करता हुआ मेरा पिता (वायु) मेरे शरीर को धीरे २ सुख पूर्वक स्पर्श कर हर्षित कर रहा है।

(थोड़ी दूर जाकर) अहा! यही तो वह तालाब है। अच्छा! पास जाता हूं। अरे! मुझे देखकर "हाथ में डण्डा लिये यमराज आपहुंचा,, यह कहते हुए तालाब के रखवारे यक्ष राक्षस डर के मारे भाग रहे हैं।

(दूसरी बार देखकर) वाह! वाह! इस तालाब की कितनी सुन्दरता है। इसके तो—

वप्रेष्वच्छस्फटिकरचितेष्वावृता च्छाययामी
संलक्ष्यन्ते मधुरसजुषामारवैः षट्पदानाम् ॥

तद्यावदुपसर्पामि। (उपसृत्य पुष्पावचयं कृत्वा सगर्वं)

कुसुमानि हराम्येष बाहुवीर्यमुपाश्रितः।
यदि शक्तः पुमान् कश्चिन्निवारयतु मामिह ॥

(नेपथ्ये)

आः दुरात्मन अतिकठिनहृदय करुणारसानभिज्ञ कपटकृतसकलदुर्बलजीवलोकजीवग्रहणसमुद्भवस्य दुरितसञ्चयस्य फलमिदानीमनुभूयतामलकेश्वरस्य सरस्सारभूतसौगन्धिकापहरणसमुद्दीपितक्रोधेन क्रोधवशेनोपनीयमानम्।

हैमा इति।—स्वच्छे पयसि मरकतमयैः वैद्रुमैश्च नालैः अभिरामाः अमी पद्मसौगन्धिकानां हैमाः निकराः अच्छस्फटिकरचितेषु वप्रेषु छायया आगताः मधुरसजुषाम् षट्पदानाम् आरवैः संलक्ष्यन्ते। (संरक्ष्यन्ते)।

निर्मल जल में सोने के से रङ्गवाले सुगन्धित कमलों के समूहों में जो कमल समूह मरकत मणि और पल्लव की भांति शुभ्र नाल से अति सुन्दर मालूम पड़ते हैं और स्वच्छ स्फटिक पत्थर (शंखमरमर) से बनी हाते की दीवारों में परछाईं रूप से प्राप्त हुए हैं—मीठा २ रस चाखन हारे भौंरे गुञ्जार रहे हैं।

सो समीप जाता हूं (समीप जाकर फूल चुनकर घमण्ड के साथ बोलता है)

कुसुमानीति—एष बाहुवीर्यम् उपाश्रितः कुसुमानि हरामि, यदि इह कश्चित् पुमान् शक्तः मां निवारयतु।

यह मैं भुजाओं के बल पर फूल चुनता हूं, यदि किसी की हिम्मत पड़ती है तो मुझे रोके।

(नेपथ्य में)

ऐ! पापी! क्रूरहृदय! निर्दय! छल से दीन दुःखी जीवों के प्राण

(ततः प्रविशति खड्गहस्तः सक्रोधो राक्षसः)

राक्षसः—(आः दुरात्मन्निति पूर्वोक्तमेव पठति) इहहि,

दुष्कर्म्मसञ्चयकृतागसि जीवलोके
जीवग्रहोत्सवरतः किल गर्वितस्त्वम्।
अस्मिन् क्षणे निशितखड्गनिकृत्तदेहं
त्वामन्तकान्तिकरसङ्गमहं करिष्ये ॥

भीमः—राक्षस किमिदं प्रलप्यते। क्वासावन्तकः।

राक्षसः—(सावधानं निर्वर्ण्य) आः मानुषः खल्वेषः। (अपविद्धायुधः स्थित्वा पुनः खड्गमुद्धृत्य) रे रे मानुषापसद।

हरने से पैदा हुए पाप के बोझे के फल को—जिसे कुबेर के तालाब के सारभूत सुगन्धित कमल फूलों के हरने से भड़के हुए क्रोध वाला क्रोधवश नामक राक्षस समीप ला रहा है—भोग (अर्थात्—वह तुझे अभी मार डालता है)।

(तब हाथ में तलवार लिये गुस्से में भरा राक्षस आता है)।

राक्षस—(आः दुरात्मन्! इत्यादि पहिले की भान्ति पढ़ता है)। यहां

दुष्कर्मेति।—दुष्कर्मसञ्चयकृतागसि जीवलोके किल त्वम् जीवग्रहोत्सवरतः गर्वितः (असि) अस्मिन् क्षणे अहं त्वाम् निशितखड्गनिकृत्तदेहं अन्तकान्तिकरसङ्गं करिष्ये।

अनेक बुरे कर्म करने से पापी संसार में तू लोगों के जीवन लेता आया है, और इसी लिये तुझे बहुत घमण्ड हो गया है, परन्तु अब तेज तलवार से तेरे शरीर के टुकड़े २ कर तुझे यमराज के पास भेजता हूँ।

भीम—अरे! राक्षस! यह क्या बकवास करता है? वह यमराज है कहां?

राक्षस—(गौर से देखकर) ओह! यह तो मनुष्य है। (थोड़ी देर तक विना हथियार का (चुपचाप) खड़ा रहता है फिर हथियार

खड्गेन क्षतविग्रहस्य पिशितैः क्लृप्तोपदंशोत्तरं
कोष्णं ते रसयन् कपालचषकेणाकण्ठमस्रासवम् ।
आन्त्रस्रग्गुणमुद्वहन् विरचयन्नेपथ्यमस्थिव्रजै-
र्नृत्यन्मत्तविलासजां धनपतेः प्रीतिं करिष्याम्यहम् ॥

भीमः—मन्ये मृतविलासजां शुचं करिष्यतीति ।

राक्षसः—हहह आहारभूताः खलु मनुष्या राक्षसानाम् । हनिष्यन्तीति मन्ये ।

भीमः—राक्षस किं न मनुष्यो रामः ।

राक्षसः—मूढ़ किं किं राममपि मनुष्यं मन्यसे । किं नासौ नारायणो देवः ।

उठाकर) अरे ! रे ! नराधम ! अभी देख !

खड्गेनेति—खड्गेन क्षताविग्रहस्य ते पिशितैः क्लृप्तोपदंशोत्तरं कपालचषकेण कोष्णम् अस्रासवम् आकण्ठं रसयन्, आन्त्रस्रग्गुणम् उद्वहन् अस्थिव्रजैः नेपथ्यं विरचयन्, नृत्यन् अहं मत्तविलासजां धनपतेः प्रीतिं करिष्यामि ।

तलवार से तेरे शरीर के टुकड़े २ कर तेरे मांस से शराब के साथ का भोजन (कबाब) तैय्यार करता हूँ, गरम २ तेरे खून रूपी शराब को तेरी खोपड़ी के प्याले से पीता हूँ, तेरी अन्तड़ियों का माला का सूत्र बनाता हूँ हड्डियों के ढेर से अपने को सजाता हूँ, और नाचता हुआ इस अनोखे वेश से कुबेर को आनन्द में मस्त बना देता हूँ (अर्थात्–मैं तुझे मारकर अभी चट कर जाता हूँ, और तेरे अंगों से अपना ठाठ बनाता हूँ जिससे कुबेर मस्त होकर खुशी मनाए) ।

भीम—मैं तो समझता हूँ, मरने के कारण शोक करेगा ।

राक्षस—अहह ! राक्षसों के भोजन स्वरूप (अर्थात्–प्राणों का गुज़ारा) मनुष्य राक्षसों को मारेंगे मैं मानता हूँ ।

भीम—राक्षस ! क्या राम मनुष्य नहीं थे ?

राक्षस—मूर्ख ! क्या ! क्या ! राम को भी मनुष्य समझता है ?

भीमः—यद्येवं, अहमपि समीरणो देवः ।

राक्षसः—अनृतमेतत् किं देवो देवस्यापराधमाचरति । अथवा,

समीरणस्त्वं भव भूमिरम्बरं
भवाम्बु तेजोऽथ समस्तमेव वा ।
अनेन खड्गेन शिरस्तु ते क्षणा-
न्निपातयिष्यामि धनाधिपद्विषः ॥

भीमः—किं किं रे रे राक्षसकीटक,

गुप्ता राक्षसपुंगवं हतवता येनैकचक्रा बकं
प्राप्ता येन घटोत्कचस्य जननी हत्वा हिडिम्बं क्षणात् ।
यः कुम्मीरमपि क्षणान्मृदितवानग्रेसरं रक्षसां
तस्य त्वं मम दुर्मते वद शिरः खड्गेन किं छेत्स्यसि ॥

क्या वे भगवान् नारायण नहीं थे ?

भीम—यदि ऐसा कहता है तो मैं भी पवनदेव हूं ।

राक्षस—यह झूठ है, क्या देवता देवता की बुराई करता है?अथवा

समीरणस्त्वमिति—(चेत्) त्वं समीरणः (असि) भूमिः अम्बरं भव, अथ अम्बु तेजः समस्तमव वा भव, क्षणात् अनेन खड्गेन धनाधिपद्विषः ते शिरः निपातयिष्यामि ।

चाहे तू पवन देव है अथवा पृथ्वी, आकाश, जल, या तेज है या चारों का ही स्वरूप है, लेकिन है तू कुबेर का वैरी, सो तेरा शिर इस (तेज) तलवार से (धड़ से अलग किये देता हूं ।

भीम—क्या ? क्या ? अरे ! रे ! क्षुद्र राक्षस !

गुप्तेति—येन राक्षसपुंगवं हतवता एकचक्रा पुरी गुप्ता, येन क्षणात् हिडिम्बं हत्वा घटोत्कचस्य जननी प्राप्ता, यः रक्षसाम् अग्रेसरं कुम्मीरमपि क्षणात् मृदितवान्, दुर्मते वद, किं तस्य मम त्वं खड्गेन शिरः छेत्स्यसि ।

जिसने राक्षसों में श्रेष्ठ बकासुर को मार कर चक्रापुरी की रक्षा की, जिसने बातकी बात में हिड़िम्ब राक्षस को मारकर घटोत्कच की माता (हिडिम्बा राक्षसी) प्राप्त की और इसी तरह जिसने राक्षसों के अगुआ

राक्षसः—अतः परं खड्गस्ते कथयिष्यति । (उभौ युद्धं कुरुतः) (गदया भग्नः प्रहरणमपविध्य सभयं पलायमानो निष्क्रान्तो राक्षसः)

(नेपथ्ये)

क्षेत्रे पाण्डोरयं जातो मारुताद्भुवनायुषः ।
स्वैरं हरतु भीमोयं कुसुमानि प्रियाकृते ॥

भीमः—अनुगृहीतोऽस्मीदानीम् । (इति प्रतिनिवृत्तः) (ततः प्रविशति प्रियया सह विद्याधरः) (उभौ मारुतपीडां रूपयतः)

विद्या—प्रिये गुणमञ्जरि,

कृम्मीर को भी मसल दिया, ऐ ! मूर्ख ! उसी का (मेरा) तू तलवार से शिर काटना चाहता है ?

राक्षस—बस ! शेष तलवार ही जवाब देगी ।

(दोनों युद्ध करते हैं)

(गदा की चोट खाकर हथियार को छोड़ डर के मारे भागता हुआ राक्षस वहां से कूच कर जाता है) ।

(नेपथ्य में)

क्षेत्र इति—भुवनायुषः मारुतात् पाण्डोः क्षेत्रे जातः अयं भीमः मे कुसुमानि प्रियाकृते स्वैरं हरतु ।

यह भीम संसार के जीवनभूत वायु से पाण्डु की स्त्री (अर्थात कुन्ती) में पैदा हुआ है । यह प्रिया द्रौपदी के लिए फूल इच्छानुसार (आजादी से) ले जा सकता है ।

भीम—मेरे ऊपर बड़ी कृपा (मेहर्वानी) की (इस प्रकार कहकर वापिस लौट जाता है) (तब अपनी प्यारी के साथ गन्धर्व आता है) दोनों हवा से तंग आजाते हैं ।

विद्या० प्यारी ! गुणमञ्जरी !

तिर्यग्विकम्पयति घूर्णयते मुहुर्नौ
डोलीकरोति च गतागतमादधानः।
वप्रैरयं प्रतिहतः पवनः सुमेरोः
शृंगान्तरे मधुमदस्य करोति लीलाम् ॥

गुणम—(ससम्भ्रमम्) णाह मं गरह मं गरह इमिणा दुव्विणीदेण मारुदहदएण परिचीअमाण (भोणो-ल्लवाणा अवैरिणा जव एसो ण मारेइ ?)
[नाथ गृह्णीष्व मां गृह्णीष्व। अनेन दुर्विनीतेन मारुत-हतकेन परिचीयमान.......................................?]

विद्या—प्रिये एष गृह्णामि, (ग्रहणं नाटयित्वा)
अवहितहृदयाक्षं व्यायतोद्घूर्णबाहु-
द्वितयमभिपतन्तीं त्वां विलोलां गृहीतुम्।
सततगतिरयं मां दुर्निवारप्रवृत्ति-
र्विधिरिव विपरीतो वन्ध्ययत्नं विधत्ते ॥

तिर्यग्विकम्पयतीति—अयं पवनः सुमेरोः शृङ्गान्तरे वप्रैः प्रतिहतः नौ तिर्यग् विकम्पयति मुहुः घूर्णयते गतागतम् आदधानः च डोलीकरोति, मधुमदस्य लीलां करोति।

यह वायु सुमेरु पर्वत की चोटियों से टकरा कर हम दोनों को (कभी) तिरछा कम्पाता है। (कभी) जाता आता हिंडोले की भान्ति हमें हिलाता है (अर्थात्-जब वायु जोर से चलता है तो हमें दूर ले जाता है और जब उधर से चलता है तो उड़ा कर हमें उसी जगह पर ले आता है, (जिससे हमारी हिंडोले झूलने की हालत होजाती है) या शराबी की सी चेष्टायें कररहा है।

गुण-(संभ्रम सहित) नाथ ! पकड़िये ! मुझे पकड़िये ? यह दुष्ट नीच वायु सर्पों के वैरी की नाईं दुखित कर ...जब तक नहीं मार डालता।

विद्या---यह मैं पकड़ने लगा (पकड़ना दिखाकर)

अवहितेति—दुर्निवारप्रवृत्तिः सततगतिः विधिरिव विपरीत. अयं

दानीं
किमिद्नी करिष्ये । भवतु । दृष्टम् भोः प्रभञ्जन,

भवन्मित्रस्य शक्रस्य शासनात्तव पुत्रयोः ।

हनुमद्भीमयोः कर्तुं कल्याणं गम्यते मया ॥

अये अनुकूलः संवृत्तः ।

गुणम—णाह किण्णामहेओ एसो दुठ्ठमारुओ [नाथ किन्नामधेय एष दुष्टमारुतः ।]

विद्या—सप्तर्षिमण्डलग्रहाणामन्तरस्कन्धवर्ती चण्डवेगः परावहो नाम ।

गुणम—(अधोविलोक्य) णाह किमिदं छत्तमत्तपरिमाणं लक्खीअदि । [नाथ किमिदं छत्रमात्रपरिमाणं लक्ष्यते ।]

विलोलां अभिपतन्ती त्वां गृहीतुम् अवहितहृदयाच्चं व्यायतोद्घूर्णबाहुद्वितयं मां वन्ध्ययत्नं विधत्ते ।

मैं अपनी कुछ भी परवाह न कर दीर्घ भुजाओं के बल से हवा से हिलती हुई तुम्हें पकड़ने का प्रयत्न कर रहा हूं, लेकिन यह वायु तो भाग्य के सदृश दुर्निवार है और इसी लिए मेरे प्रयत्न को व्यर्थ कर रहा है जैसे-भाग्य के सामने किसी की नहीं चलती उसी प्रकार वायु से मेरी कुछ नहीं बनती ।

अब क्या करूं ? अच्छा ! देखलिया । ऐ ! पवन देव !

भवदिति—भवन्मित्रस्य शक्रस्य शासनात् तव पुत्रयोः हनुमद्भीमयोः कल्याणं कर्तुं मया गम्यते ।

आपके मित्र इन्द्र की आज्ञा से आपके पुत्र भीम और हनुमान् का कल्याण करने के लिए जारहा हूं ।

अहो ! अब तो पवन हमारे अनुकूल (धीमा) पड़गया ।

गुण०—स्वामिन् ? इस दुष्ट वायु का क्या नाम है ? ।

विद्या०—प्रिये ! यह सप्तर्षि मण्डल के नक्षत्रों के बीच बहने वाला अति तेजगति परावह नामक वायु है ।

गुण०—स्वामिन् ? यह छाते जितना (घेरा सा) क्या दिखाई देता है ?

विद्या—इदमपि दूरत्वादविभावितविस्तारमवनिचक्रम् । यावदव-
तरावः ॥

गुणम—णाह पेक्ख पेक्ख, गुम्मा दीसन्ति ।] नाथ पश्य पश्य, गुल्मा दृश्यन्ते ।

विद्या—मुग्धे नैते गुल्माः । पर्वताः खल्वमी । अवतरावः (अव-
तरणं नाटयतः)

गुणम—अम्मो इदं महत्तं सव्वुत्तम् । (अवतीर्य दृष्ट्वा) [अम्मो अयं महान् संवृत्तः ।] किएणामहेओ एसो पव्वओ । [किन्नामधेय एष पर्वतः ।]

विद्या—निषधोयमनुप्राप्तः,

गुणम—एसो को । [एष कः]

विद्या—हेमकूटोयमास्थितः ।

गुणम—अअं अवरो को । [अयमपरः कः]

विद्या—हिमवानयमासन्नः,

विद्या०—यह पृथ्वी मण्डल है जिसका फैलाव दूर से मालूम नहीं पड़ता। अच्छा ! अब उतरते हैं

गुण—नाथ ! देखिये २, वृक्ष और लताओं के समूह नजर आरहे हैं।

विद्या०—ऐ ! भोली! ये वृक्ष और लताओं के समूह नहीं ये तो पर्वत हैं । उतरें। (उतरना दिखाते हैं)

गुण—(उतर कर देखती है) आश्चर्य है, यह(पर्वत)तो अब बड़ा दिखाई देरहा है। इस पर्वत का क्या नाम है ?

विद्या—यह निषिध पर्वत आगया ।

गुण—यह दूसरा कौन है ?

विद्या—यह हेम कूट पर्वत है।

गुण—यह तीसरा कौन है ?

विद्या—यह हिमालय निकट आपहुंचा ।

गुणम—(अधो विलोक्य) किं एदं सरदम्भाणं विअ समूहो दीसइ। किमेतत्, शरदभ्राणामिव समूहो दृश्यते।]
विद्या—कैलासोत्र विराजते॥
अत्र भगवन्तमन्तकान्तकं प्रणम्य यास्यावः।
नमोस्तु सकलजगदैश्वर्यश्लाघनीयाय।
मुग्धेन्दुशेखरपिशंगजटाधराय
स्निग्धेन्द्रनीलमणिनीलगलान्तराय।
दुग्धोदफेनपटलामलभस्मधूली-
दिग्धाय दग्धमदनाय नमः शिवाय
गुणम--णमो पव्वईवद्धप्पणआअ। [नमः पार्वती बद्धप्रणयाय।]
विद्या—विलासिनि ! सोयमासादितो गन्धमादनः, यत्रास्ते हनुमान्।

गुण--(नीचे देखकर) यह शरत्-कालीन बादलों की सी घटा क्या नजर आती है ?

विद्या--यह कैलास पर्वत है। यहाँ भगवान् शिव को नमस्कार कर चलेंगे। सम्पूर्ण जगत् के सम्पत्ति स्वरूप और पूजनीय शिव जी के लिए नमस्कार हो

मुग्ध इति—मुग्धेन्दुशेखरपिशङ्गजटाधराय स्निग्धेन्द्रनीलमणिनी-लगलान्तराय दुग्धोदफेनपटलामलभस्मधूलीदिग्धाय दग्धमदनाय शिवाय नमः।

बाल चन्द्रमा से (शोभायमान) मस्तक पर पिशङ्ग जटाधारी, चिकने इन्द्रनील मणि के समान नील कण्ठ, दूध में उठे फेन के समान (शुभ्र) स्वच्छ भस्म रमाये हुए, और कामदेव को जलाने वाले शिव को नमस्कार हो।

गुण--पार्वती-वल्लभ (महादेव जी) को नमस्कार हो।

विद्या—विलासिनि ! अब हम गन्धमादन पर्वत पर आपहुंचे, जहाँ हनुमान् रहता है।

गुणम—अम्मो इह वि सुवद्धसिणेहा आअदा सग्गलच्छी दीसइ [अम्मो इहापि सुवद्धस्नेहा आगता स्वर्गलक्ष्मीर्दृश्यते :]

विद्या—सत्यमाह भवती। इहहि,

प्रासादैरमृताम्बुफेनधवलैः संरुद्धतारागणै
र्हैमैर्मौक्तिकमालिकापरिगतप्रान्तैर्गृहैर्भूषिता।
रागानन्दितखेचरैर्वरवधूगीतैर्मनोहारिणी
स्वर्गश्रीरलकेति नाम्नि नियतो भेदो न वस्तुस्थितौ ॥

गुणम—(सभयं) णाहको णु खु एसो सजलजलहरत्थणिअगम्भीरो सद्दो मं पीडेइ। [नाथ को नु खल्वेष सजलजलधरस्तनितगम्भीरः शब्दो मां पीडयति।

विद्या—(ससम्भ्रमवलोक्य) प्रिये पश्य पश्य,

गुण—अहो ! यहां भी मानो प्रेमासक्त (मोहित) हो स्वर्ग की लक्ष्मी आपहुंची।

विद्या—आप सच कहती हैं, यहाँ-

प्रसादैरिति—अमृतांशुफेनधवलैः संरुद्धतारागणैः प्रसादैः मौक्तिकमालिकापरिगतप्रान्तैः हैमैः गृहैः भूषिता, रागानन्दितखेचरैः वरवधूगीतैः मनोहारिणी अलका स्वर्गश्री इति नाम्नि नियतः वस्तुस्थितौ भेदः न (अस्ति)।

अमृत और जल के फेन के समान सुफेद आकाश के तारों को रोकने वाले (अर्थात् अति ऊँचे) महलों से तथा मोतियों की मालाओं से चारों ओर घिरी हुई चोटियों वाले सोने के से घरों से शोभायमान, और राग से गन्धर्वों को प्रसन्न करने वाले वर वधुओं के (मधुर) गीतों से चित्त चुराने वाली यह अलका स्वर्ग पुरी ही है केवल नाम में ही भेद है, सजावट में नहीं (अर्थात् यह अलका और स्वर्ग पुरी एक ही है नाम मात्र केवल भिन्न है।

गुण—(भय के साथ) स्वामिन् यह कौन जल सहित बादलों की गर्जना की भान्ति गम्भीर शब्द मुझे दुःखित कर रहा है?

(हड़बड़ी के साथ देखकर) प्रिये ! देख ! देख !

गर्जन्तं घनमुपरि द्विपेन्द्रशङ्की
दन्ताभ्यामभिनिनदन् विभिद्य वेगात्।
आमूलं महति महीरुहे निखातौ
नोत्क्रष्टुं प्रभवति तौ पुनर्द्विपेन्द्रः॥

गुणम--हद्धि वलगव्विदाणं पमादो। [हा धिक् वलगर्वितानां प्रमादः।]

विद्या--सखि एष भीमस्तस्य कपीश्वरस्य कदलीवनमुपसर्पति। तदस्य निकटवर्तिस्फटिकशिलातलमध्यासीनावेतयोरविज्ञातपुरस्सरयोः प्रभावान्तर्हितौ चेष्टितमवगम्य तदनुरूपमुपसर्पावः। अपिच,

शुष्यद्दन्तच्छदकिसलयं तान्तताम्रायतोष्ठं
स्वेदैः किञ्चित्क्षालिततिलकं गण्डयोर्वद्धरागम्।
वक्त्रं जालैर्ग्लपितमदयैस्तिग्मभासः प्रभाणां

गर्जन्तमिति—द्विपेन्द्रशङ्की द्विपेन्द्रः उपरिगर्जन्तं घनं अभिनिनदन् वेगात् दन्ताभ्यां महति महीरुहे आमूलं विभिद्य पुनः तौ निखातौ उत्क्रष्टुं न प्रभवति।

